NCERT SOLUTIONS

CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th
Subject : Hindi
Chapter : 11
Chapter Name : पोंगल

Q1 पाठ से
क) पोंगल का त्योहार अलग -अलग राज्यों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पाठ के आधार पर तालिका भरो।
Answer:

क्रम सख्या	राज्य	त्योहार का नाम
1	पंजाब	बैसाखी
2	महाराष्ट्र	तिलगुड़
3	तमिलनाडु	पोंगल
4	अरुणाचल प्रदेश	पानुड़
5	गुजरात	संक्रांति

aglasem.com

ख) पोंगल चार दिनों तक मनाया जाता है। प्रत्येक दिन के मुख्य क्रिया कलाप बताए।
Answer:
संक्रांति में नए चावलों का मीठा भात बनाकर सूर्य को चढ़ाया जाता है। इस मीठे भात को ही पोंगल कहते हैं। पोंगल का त्योहार चार दिनों तक बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। पहले दिन लोग घर की साफ सफाई करते हैं। इस दिन को भोगी त्योहार कहते हैं। शाम को बच्चे ढोल और बाजे बजाकर ख़ुशियाँ मनाते हैं। दूसरे दिन घर में रंगोली बनाई जाती है। तीसरे दिन 'माट्टु पोंगल' मनाया जाता है। चौथे दिन खाना बाँधकर पूरा परिवार घर से बाहर निकल पड़ते है और लोग मेलों में घूमते हैं। जगह -जगह मेले लगते है। इसे 'काणुम पोंगल ' कहते हैं।

ग) भारत एक कृषि प्रधान देश है। इस बात को सिद्ध करने के लिए दो उदाहरण दो।
Answer:
पूरे भारत में फसल पकने पर उत्सव मनाया जाता है। जैसे पंजाब में फसल पकने पर वैसाखी का त्योहार बनाया जाता है तो दूसरी ओर नई फसल के पकने पर तमिलनाडु में पोंगल मनाया जाता है। भारत में कृषि मुख्य व्यवसाय है यह व्यवसाय के साथ -साथ त्योहारों के साथ भी जुड़ी हैं।

Page no : 64 , Block name : अभ्यास

Q2 तुम्हारे प्रदेश में कौन -कौन से त्योहार मनाए जाते हैं? तुम्हें कौन सा त्योहार सबसे अच्छा लगता है|

Answer:

हमारे प्रदेश में बहुत सारे त्योहार मनाये जाते हैं जैसे- दीवाली, होली, दशहरा, ईद, लोहड़ी, रक्षा-बंधन,कृष्ण - जन्माष्टमी आदि घूम धाम से मनाये जाते है। लेकिन मुझे होली का त्योहार सबसे ज्यादा पसंद है क्योंकि यह रंगों का त्योहार है सब आपस में गले मिलकर एक- दूसरे को बधाई देते हैं और आपस का बैर भाव भूल जाते हैं।

Page no : 64 , Block name : अभ्यास

Q3 खेती-बाड़ी

पाठ में खेती से जुड़े अनेक शब्द आए हैं। तुम खेती या बाग़बानी से जुड़े कुछ औज़ारों के नाम बताओ।

Answer:

खेती या बाग़बानी से जुड़े कुछ औज़ारों के नाम है जैसे ट्रैक्टर, तसला, दाती, हल, फावड़ा ,खुरपी, कसी आदि।

Page no : 64 , Block name : अभ्यास

Q4 रंगोली

क) पोंगल के दिन घर आँगन को रंगोली से सजाते हैं। रंगोली बनाने के लिए किन-किन चीज़ों का प्रयोग किया जाता है ? सूची बनाओं।

ख) नीचे दी गई जगह में रंगोली का कोई डिज़ायन बनाओ।

Answer:

क) रंगोली बनाने के लिए निम्न चीजों का प्रयोग किया जाता है।

चावल, लकड़ी का बुरादा, आटा, रंग, होली के रंग, दालां, राजमह, फूल आदि।

ख) छात्र स्वयं करें |

Page no : 64 , Block name : अभ्यास

Q5 खाना- पीना

पाठ में ऐसी अनेक चीज़ो के नाम आए हैं जिन्हें खाने -पीने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। बताओ, इन का प्रयोग किन पकवानों में होता है?

क) चावल………

ख) हल्दी………..

ग) गुड़…………..

घ) मक्का…………

ङ) गन्ना…………..

aglasem.com

च) दूध………..
छ) तिल…………
Answer:
क) चावल- पुलाव, विरयानी, खीर, खिचड़ी, डोसा, इडली
ख) हल्दी- सब्जी, दाल, चावल, खिचड़ी
ग) गुड़- खटाई, पट्टी, गचक, रेबड़ी
घ) मक्का- रोटी, पपकॉर्न
ङ)गन्ना- ख़ीर, चीनी, रसावल
च) दूध- खीर, दही, मठाईयाँ, चाय, पनीर
छ) तिल- गचक, रेवड़ी, लड्डू ,बर्फी।

Page no : 65 , Block name : अभ्यास

aglasem.com